# HAMIRPUR POLICE

थाना कोतवाली                                                    दिनांक 23.11.2023

## मादक पदार्थ की तस्करी व खनन हेतु जमीनों को बलपूर्वक क्रय करने वाले गैंगस्टर एक्ट के तहत नामित 03 अभियुक्तों द्वारा आपराधिक कृत्यों से नामी / बेनामी रुप से अपना व परिवारीजन के नाम अर्जित की गई ₹142,45,64,585 (एक अरब बयालिस करोड़ पैंतालीस लाख चौसठ हजार पांच सौ पचासी रुपए) की संपत्ति कुर्क

उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में जनपद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु व अपराधिक कृत्यों से चल/अचल संपत्ति के जब्तीकरण हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली नगर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए गैंगस्टर अधिनियम के 03 अभियुक्तों क्रमशः-

1)दीपक शिवहरे पुत्र केशव बाबू शिवहरे,

2)विष्णु शिवहरे पुत्र सुन्दर लाल शिवहरे

3)केशव बाबू शिवहरे पुत्र सुन्दर लाल शिवहरे निवासीगण मलिकुआं कस्बा व थाना मौदहा हमीरपुर के सम्बन्ध मे प्रेषित रिपोर्ट पर जिला मजिस्ट्रेट हमीरपुर के आदेशानुसार अन्तर्गत धारा-14(1) गैगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही कर उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा आपराधिक कृत्यों से केन नदी के किनारे मौरंग से संबन्धित जमीनों को दान के रुप में अपने ट्रस्ट के नाम बैनामा करा लेना, भारी मात्रा में मादक पदार्थों की अवैध रुप से तस्करी करना आदि से धन अर्जित कर विभिन्न प्रकार की संपत्ति को नामी व बेनामी रूप से अपने व अपने परिवारीजन के नाम से क्रय करना, मुख्य रुप से खनिज संपदा के रुप में क्रेसर (5 क्रैसर प्लांट) का व्यवसाय करना, जिसमें विभिन्न प्रकार के 42 वाहन भी है। इसके उपरांत 03 कॉलेज व विभिन्न बैंकों में जमा धनराशि, विभिन्न जनपदों में आलीशान भवन व जनपद हमीरपुर व महोबा में लगभग 350 बीघा कृषि व व्यवसायिक भूमि आदि अनुमानित कीमत **₹142,45,64,585 (एक अरब बयालिस करोड़ पैंतालीस लाख चौसठ हजार पांच सौ पचासी रुपए)** कुर्क की गयी है।

## अभियुक्तगणों के आपराधिक क्रियाकलापों का विवरण

- गैंग लीडर दीपक शिवहरे का संगठित अवैध गिरोह है, जिसके विष्णु शिवहरे व केशव बाबू शिवहरे सक्रिय सदस्य हैं। अभियुक्त गण मुख्य रूप से बड़े पैमाने पर मादक पदीर्थों की तस्करी व खनिज कारोबार हेतु नदी के किनारे मौरग के खनन उपयोगी जमीनों को दान के रुप में व भय दिखाकर अपने ट्रस्ट के नाम व अपने परिवारीजनो के नाम रजिस्ट्री करा लेना मुख्य अपराध है। इनके विरुद्ध प्रथम अभियोग वर्ष 1987 में पंजीकृत हुआ इसके उपरांत कई आपराधिक अभियोग पंजीकृत हुए।
- इन अपराधियों द्वारा नशे के कारोबार व गरीब व सामान्य तबके के व्यक्तियों को डरा धमकाकर बल पूर्वक काफी अधिक संख्या में सम्पत्ति अर्जित की गयी। उपरोक्त कृत्यों से हुई अवैध आय से अपने तथा अपने परिजनों के आर्थिक, भौतिक एवं दुनियाबी लाभ हेतु विभिन्न प्रकार के गंभीर अपराध किए गए। इनका आम जनमानस में भय व आतंक व्याप्त है, इनके विरुद्ध जनता का कोई भी व्यक्ति थाने में मुकदमा लिखाने व न्यायालय मे गवाही देने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाते हैं।
- थाना मौदहा मे पंजीकृत मु0अ0स0 325/23 धारा 420/447/342/386/323/504/506/120बी आईपीसी में वादी के पिता की जमीन जो नदी के तट पर मौरम के रुप मे थी उसे दबाव बनाकर ओ0पी0 मेमोरियल ट्रस्ट जिसका प्रबन्धक/स्वामी दीपक शिवहरे है के द्वारा वर्ष 2019 मे धोखे मे रखकर छल करके बिना कोई पैसा दिये फर्जी तरीके से तहसील मौदहा मे रजिस्ट्री करा ली थी।
- दिनांक 19.07.2023 को जब वादी अपने गांव गया तो वापस आते समय ग्राम पढोरी के पास इन लोगो द्वारा उसे गाडी मे बैठाकर मौदहा लाकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की गयी और सादे पन्ने पर जबरदस्ती अंगूठे के निशान लगवा लिया गया। जिसकी सूचना दिनांक 16.08.2023 को वादी द्वारा थाना मौदहा मे दी गयी जिस पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ विवेचना के मध्य धारा 120 बी आई0पी0सी0 की वृद्धि की गयी और आरोप प्रमाणित पाये जाने पर अभियुक्तों का द्वारा आरोप पत्र संख्या 354/23 दिनांक 05.09.2023 को चालान मा0 न्यायालय किया गया है।
- सभी अभियुक्तगण कुख्यात एवं शातिर अपराधी हैं तथा गैंग बनाकर समाज में नशे का भारी मत्रा में व्यवसाय कर लोगों का जीवन खराब करना, वंचित एवं शोषित वर्ग को डरा धमकाकर जबरन खनन संबन्धी जमीनों में भय दिखाकर रजिस्ट्री कराना एवं मारपीट गाली गलौज व जान से मारने की धमकी, हत्या, हत्या का प्रयास जैसे गंभीर अपराध कारित किए गए हैं।

# कुर्क की गई कुल संपत्ति का विवरण:-

| क्र0 | संपत्ति का प्रकार | अनुमानित धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | जनपद हमीरपुर मे ARTO कार्यालय मे पंजीकृत वाहन-16 | 3233484.00 |
| 2 | जनपद महोबा मे ARTO कार्यालय मे पंजीकृत वाहन-26 | 38200500.00 |
| 3 | आर्यावर्त बैक मौदहा हमीरपुर के खातों मे जमा धन | 1485086.54 |
| 4 | आर्यावर्त बैक महोबा के खातों मे जमा धन | 101741.82 |
| 5 | भारतीय स्टेट बैक मौदहा हमीरपुर के खातों मे जमा धन | 866428.18 |
| 6 | एच0डी0एफ0सी0 बैक सुभाष नगर महोबा मे जमा धन | 1336112.61 |
| 7 | बैंक आंफ बडौदा मौदहा मे जमा धन | 40085.00 |
| 8 | कबरई जनपद महोबा मे स्थित 05 क्रेसर प्लांट का मूल्य | 61032035.13 |
| 9 | सिसोलर व मकरांव मौदहा हमीरपुर मे स्थित 03 कॉलेज | 345051406.00 |
| 10 | कस्बा मौदहा हमीरपुर मे स्थित 05 भवन का मूल्य | 23057279.00 |
| 11 | बांदा शहर व अतर्रा कस्बा मे क्रमशः कुल 04 भवन | 14212598.86 |
| 12 | लखनऊ गोमती नगर में स्थित मकान का मूल्य | 16163400.00 |
| 13 | महोबा मे स्थित व्यवसायिक/कृषि जमीन का मूल्य | 405551581.00 |
| 14 | तहसील मौदहा हमीरपुर मे स्थित जमीन का मूल्य | 514232847.00 |
| | **सम्पूर्ण योग** | **142,45,64,585.00** |

- अभियुक्त केशव बाबू शिवहरे पुत्र सुंदरलाल शिवहरे के विरुद्ध जनपद सहित अन्य प्रदेशों में विभिन्न धाराओं में कुल 22 अभियोग पंजीकृत हैं।
- अभियुक्त दीपक शिवहरे पुत्र केशव बाबू शिवहरे के विरुद्ध जनपद में विभिन्न धाराओं में कुल 12 अभियोग पंजीकृत हैं।
- अभियुक्त विष्णु शिवहरे पुत्र सुन्दरलाल शिवहरे के विरुद्ध जनपद में विभिन्न धाराओं में कुल 09 अभियोग पंजीकृत हैं।

